**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 17.12.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिला इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान– दौरे पर आठ मुद्दों पर भी बनी सहमति।
2. अंडमान निकोबार एन सी सी कैडेट्स ने परमवीर सागर यात्रा के अंतर्गत समुद्री अभियान शुरू किया।
3. द्वीपसमूह के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उप–राज्यपाल से मुलाकात के अवसर पर विकास के मुद्दों को लेकर प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा की ।
4. समुद्र तट पर होगा खेलों का रोमांच– उन्नीस दिसम्बर से कार्बाइंस कोव में समुद्र तट खेल–दो हजार पच्चीस का आयोजन शुरू होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इथियोपिया ने अपने सर्वोच्च सम्मान द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से सम्मानित किया है। भारत और इथियोपिया के संबंधों को मजबूत करने और एक वैश्विक राजनेता के रूप में श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के लिए उन्हें यह सम्मान इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली ने दिया। यह पुरस्कार इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में, अदीस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान भारत के प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने से संबंधों को नई ऊर्जा, नई गति और नई गहराई मिलेगी। श्री मोदी ने कहा कि इथियोपिया विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है और यह सम्मान प्राप्त करना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार दोनों देशों के उन लोगों को समर्पित है, जिन्होंने सदियों से द्विपक्षीय संबंधों को पोषित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद एकजुटता दिखाने और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकता को मजबूत करने के लिए इथियोपिया का धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इथियोपिया की संसद को भी संबोधित किया। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान आठ समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गये।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एनसीसी के बीस कैडेट्स ने आज भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत पर सवार होकर 'परम वीर सागर यात्रा' के तहत समुद्री अभियान की शुरुआत की। यह यात्रा भारत के परमवीर चक्र विजेताओं के शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। यह अभियान तेईस जनवरी दो हजार तेईस को पराक्रम दिवस के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री द्वारा की गई उस ऐतिहासिक घोषणा से जुड़ा है, जिसके तहत अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के इक्कीस निर्जन द्वीपों के नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखे गए थे। एनसीसी कैडेट्स इस यात्रा के दौरान दो चरणों में इन सभी इक्कीस द्वीपों का भ्रमण करेंगे। यात्रा के प्रथम चरण में कैडेट्स प्रत्येक द्वीप से मिट्टी एकत्र कर कलश में संजोएंगे। इस पवित्र मिट्टी को बाद में नई दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री की रैली के दौरान उन्हें औपचारिक रूप से भेंट की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रबल करना है। एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर रियाज फारूक ने कैडेट्स को सुरक्षा और जहाज पर पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज दोपहर बाद हैदराबाद में सिकंदराबाद के बोलारम स्थित राष्ट्रपति निलयम जाएंगी। वे यहां बाईस दिसंबर तक रहेंगी। श्रीमती मुर्मु उन्नीस दिसंबर को राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। वे इस महीने की बीस तारीख़ को गाचीबावली में ब्रह्माकुमारीज़ के आयोजन में शामिल होंगी। राष्ट्रपति की यात्रा को देखते हुए प्रशासन ने अलवाल और गाचीबावली में ड्रोन, पैराग्लाइडर और माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

<><><><><><><>

भारत में अमरीकी दूतावास ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प द्वारा भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा किए जाने को साझा किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में, अमरीकी दूतावास ने राष्ट्रपति ट्रम्प के हवाले से कहा कि भारत दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है। उन्होंने भारत को एक अद्भुत देश और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में अमरीका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझीदार बताया। राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने बयान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमरीका का असाधारण दोस्त भी बताया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी आज एक प्रतिनिधिमंडल के साथ उपराज्यपाल से मिले। इस अवसर पर द्वीपसमूह के समग्र विकास की गति को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बुनियादी ढांचे के विकास, जन–कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भविष्य की विकास परियोजनाओं पर विशेष रूप से विचार किया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार और प्रशासन के सहयोग से अंडमान निकोबार में विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिल रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में द्वीपसमूह विकास की राह पर और तेज़ी से आगे बढ़ेगी, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएँ और अवसर प्राप्त होंगे।

<><><><><><><><><><>

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विधेयक को कल लोकसभा में पेश किया गया। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इसमें ग्रामीण परिवारों के लिए प्रतिवर्ष एक सौ पच्चीस दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। श्री चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर और विकसित बनाए जाने के पक्षधर थे और इसी भावना के अनुरूप, मौजूदा विधेयक में गरीब कल्याण और ग्राम विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। इस विधेयक का उद्देश्य रोजगार सृजन ही नहीं बल्कि व्यापक ग्राम विकास भी है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस पहल पर पिचानब्बे हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यय होगा। उन्होंने कहा कि जवाहर रोजगार योजना जैसी योजनाएं पहले लागू थीं, लेकिन असमान बजट आवंटन के कारण कई गांवों का विकास नहीं हो सका। इसी के समाधान के लिए विधेयक में पंचायतों के वर्गीकरण और अल्प–विकसित पंचायतों को अधिक कार्य आवंटित करने का प्रावधान किया गया है। श्री चौहान ने कहा कि यू.पी.ए. सरकार ने मनरेगा योजना पर दो लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए थे, जबकि मौजूदा सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं पर साढ़े आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं।

<><><><><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय द्वारा पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए समुद्र तट खेल का आयोजन उन्नीस दिसंबर से इक्कीस दिसंबर तक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से कार्बाइंस कोव समुद्र तट पर आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में सरकारी व निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विभिन्न संस्थानों, संगठनों, युवा क्लबों तथा सामान्य नागरिकों के खिलाड़ी और टीमें भाग ले सकती हैं। इच्छुक प्रतिभागी एवं टीमें खेल एवं युवा मामले निदेशालय के प्रशासनिक भवन (कक्ष संख्या–3), नेताजी स्टेडियम से प्रवेश प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिभागियों को प्रवेश प्रपत्र उन्नीस दिसंबर को दोपहर ढाई बजे तक अनिवार्य रूप से कार्बाइंस कोव समुद्र तट पर आयोजकों के पास जमा करना होगा। समुद्र तट खेलों में समुद्र तट वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्साकशी, पचास मीटर एवं सौ मीटर दौड़, सात खिलाड़ियों वाली फुटबॉल, सेपक टकरॉ, मल्लखंब तथा पैनकेक सिलाट जैसी प्रतियोगिताएं शामिल होंगी।

<><><><><><><><><><>

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने सी एस एल अंडमान एवं निकोबार शिप रिपेयर यूनिट, श्री विजयपुरम के लिए संविदा आधार पर वरिष्ठ परियोजना अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी (सुरक्षा) और वरिष्ठ परियोजना अधिकारी (मैकेनिकल) तथा वरिष्ठ परियोजना अधिकारी (इलेक्ट्रिकल) के एक– एक पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। पदों से संबंधित आयु सीमा, वेतन, अनुभव और अन्य शर्तों का विस्तृत विवरण कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट www.cochinshipyard.in पर उपलब्ध है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि इक्कतीस दिसंबर है।

<><><><><><><><><><>